**श्री शमशेर सिंह ढुलो**: सभापति जी, मैं मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहता हूं कि इन्होंने जो "खेलो इंडिया" स्पोर्ट्स का नाम चेंज किया है, मैं समझता हूं कि इस "खेलो इंडिया" के तहत इन्होंने फंड एलोकेट करने में यूनिफॉर्मिटी नहीं बरती है। मुझे खुशी है कि इन्होंने अपनी स्टेट के लिए तो तकरीब 39 करोड़, 50 लाख रुपये रखे हैं, लेकिन जो बाकी स्टेट्स हैं - जैसे इन्होंने इस साल पंजाब को एक भी पैसा नहीं दिया है और पिछले साल भी पंजाब को 6 करोड़ ही रुपये दिए हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति**: आप सवाल पूछिए। आपकी मांग क्या है?

**श्री शमशेर सिंह ढुलो**: मैं समझता हूं कि उसमें यूनिफॉर्म criteria होना चाहिए और वह पॉप्युलेशन बेस्ड होना चाहिए। सर, खिलाड़ी कहाँ से ...(**व्यवधान**)... गरीब ग्रामीण परिवारों से आते हैं? ...(**व्यवधान**)... उनको भी सुविधाएं चाहिए।

**श्री सभापति**: कुछ बेसिस होने चाहिए।

**श्री शमशेर सिंह ढुलो**: इन्होंने सबसे ज्यादा पैसा अपनी स्टेट को दे दिया है।

**श्री सभापति** : वह तो भारत में है। आप सवाल पूछिए।

**श्री किरेन रिजिजु**: सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहता हूं कि मेरे मंत्री बनने के बाद से अभी तक मेरे राज्य को एक भी रुपया नहीं दिया गया है। माननीय सदस्य, आप पुरानी लिस्ट देख रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शमशेर सिंह ढुलो**: मुझे जानकारी है।

**श्री सभापति**: इस तरह से संवाद नहीं कीजिए। यदि मंत्री जी ने गलत बोला है, तो आपको मालूम है कि इसके लिए क्या उपाय रखे हैं। आप उनको बाद में नोटिस देकर कह सकते हैं, लेकिन वे ऐसा बता रहे हैं कि यह उनके मंत्री बनने से पहले दिया गया है।

**श्री किरेन रिजिजु**: सभापति जी, पंजाब के लिए कोई कमी नहीं है। सर, फंड देने की जो प्रक्रिया है, मैं आपके माध्यम से उसके बारे में बताना चाहता हूं कि इसमें कोई डिस्क्रिपेंसी नहीं बरती गई है, कोई डिस्क्रिमिनेशन नहीं किया गया है। पंजाब राज्य को जो पैसा दिया गया है, उसकी मैंने आपको लिखित में एक सूचना दी है कि यह पैसा खर्च में लगा नहीं है, इसकी लागत नहीं हुई है। जो पैसा दिया गया है, वह खर्च नहीं हो रहा है। इस पर भारत सरकार में एक नियम है कि जितना पैसा दिया है, अगर उसका चालीस परसेंट भी खर्च नहीं हो रहा है, तो दूसरा फंड कैसे दे देंगे? यह एक नॉर्मल प्रोसिज़र है, अदरवाइज़ पंजाब राज्य के लिए कोई रुकावट नहीं है, कोई डिस्क्रिमिनेशन नहीं है।

MR. CHAIRMAN: Next Question. Question No. 149.

**Employee issues in HAL**

*149. SHRI S. MUTHUKARUPPAN: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the trade unions of Hindustan Aeronautics Limited (HAL) have demanded more pay for the HAL employees and they have been on strike on this issue;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether it is also a fact that the HAL has refused to entertain the demand of the employees stating the financial position of HAL; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI RAJNATH SINGH): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

***Statement***

(a) and (b) Based on the Government guidelines of 24.11.2017 on Wage Policy for Central Public Sector Enterprises, the Hindustan Aeronautics Ltd. (HAL) management negotiated with the Workmen Trade Unions for their wage revision.

However, the Trade Unions of HAL workmen went on strike from 14.10.2019 to 22.10.2019 to press their demand of 15% Fitment benefits and 35% Perks *w.e.f.* 1.1.2017 on par with Executives. They resumed their work from 23.10.2019 on the directions of the Hon'ble Karnataka High Court.

(c) and (d) HAL management has held thirteen rounds of discussions with the representatives of the recognized Unions. The issue of wage revision has been discussed by HAL management in consonance with the statutory provisions and also keeping in mind the interest of the Company, employees and Nation at large.

SHRI S. MUTHUKARUPPAN: Sir, I have been given to understand that the Hindustan Aeronautics Limited (HAL) is facing serious financial difficulties. That is why, the HAL could not agree to the demand of its employees. The major cause of the financial difficulties is that the Government is yet to release outstanding amount of over ₹ 20, 000 crore to the company. So, my first supplementary question is: was the HAL able to realise this amount from the Government?

**श्री राजनाथ सिंह**: सभापति महोदय, जहाँ तक एचएएल की हड़ताल का प्रश्न है, उस संबंध में मैं आपको बताना चाहता हूं कि अब वहाँ पर हड़ताल पूरी तरह से समाप्ति पर है, क्योंकि वहाँ की मैनेजमेंट और लेबर यूनियन्स की 13 सिटिंग्स हो चुकी हैं। जो अंतिम सिटिंग, यानी 13वीं सिटिंग मैनेजमेंट और

लेबर यूनियन्स के बीच हुई है, वह 28 और 29 नवंबर को हुई है। जो जानकारी प्राप्त हुई है, उसके अनुसार मैनेजमेंट ने जो भी ऑफर दिया है, उसको लेबर यूनियन्स ने अब मान लिया है और अंततोगत्वा 5 दिसंबर को पुन: एक मीटिंग बुलाई गई है, जिसमें एमओयू पर अर्थात् मेमोरेंडस ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर सिग्नेचर हो जाएंगे।

MR. CHAIRMAN: Now, second supplementary. Muthukaruppanji, are you happy with the reply?

SHRI S. MUTHUKARUPPAN: Yes, Sir. The hon. Minister, in his reply, has stated that 13 rounds of discussions were held with the trade unions. I would like to know whether these negotiations or discussions were held prior to the employees going on strike from 14.10.2019 to 22.10.2019. What were the directions given by the hon. High Court of Karnataka in this regard and have the employees' trade unions agreed to the point of view of HAL?

MR. CHAIRMAN: You can't go on asking supplementary after supplementary. Only one should be asked.

**श्री राजनाथ सिंह**: सभापति जी, जहाँ तक हाई कोर्ट के जजमेंट का प्रश्न है, आपको इसका पता है और मैं समझता हूं कि यदि यहाँ पर हाई कोर्ट के जजमेंट के संबंध में जानकारी देने के लिए आप समझते हैं कि वह देनी चाहिए, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि इस समय हमारे पास जजमेंट की कॉपी नहीं है, जिससे मैं आपको पढ़कर बताऊं कि क्या जजमेंट था, लेकिन हाँ, मैं इतना कह सकता हूं कि कोर्ट का जो जजमेंट था, उस जजमेंट के आधार पर ही उस समय लेबर यूनियन ने वह हड़ताल विदड्रॉ की थी, वह हड़ताल समाप्त हुई थी, लेकिन मैनेजमेंट और लेबर यूनियन्स के बीच नेगोशिएशन का सिलसिला लगातार चल रहा था। सभापति महोदय, जैसी कि मैंने आपको जानकारी दी है कि उनके साथ 13 सिर्टिंग्स हो चुकी हैं और अब मामला लगभग रिजॉल्व हो चुका है एवं 5 दिसंबर को मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर भी सिग्नेचर हो जाने की पूरी संभावना है।

**श्री सभापति**: डा. अशोक बाजपेयी, क्या आपका प्रश्न भी एचएएल से संबंधित है?

**डा. अशोक बाजपेयी**: माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी से जानना चाहूँगा कि HAL के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके सापेक्ष उसकी उत्पादकता क्या है? विशेषकर HAL, Lucknow की उत्पादकता के बारे में अगर वहाँ की कोई ऐसी achievement है, तो मैं जानना चाहूँगा।

**श्री राजनाथ सिंह**: सभापति महोदय, आप जानते हैं कि यह इस प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं है। इसके लिए हमें जानकारी हासिल करनी पड़ेगी, तभी मैं इसके बारे में सदन को अवगत करा सकता हूँ, लेकिन माननीय सदस्य ने पूछा है, तो मैं निश्चित रूप से उनके पास जानकारी भेज दूँगा।

MR. CHAIRMAN: Question No. 150, Shri Ripun Bora.